Himachal Pradesh
Board of School Education
Dharamshala, Himachal Pradesh

क्रमांकः हि०शि०बो० (31)/हि०प्र०रा०मु०वि०प्र०/सितम्बर-2024/ 14703-15000 दिनांकः 27.04.2024

"अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय (HPSOS) के अन्तर्गत सितम्बर,2024 में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा की परीक्षाओं के लिए Online पंजीकरण एवम् प्रवेश पत्र भरने हेतु तिथियों का निर्धारण निम्न अनुसार से किया गया है:-

| Appearing Types | Dates |
|---|---|
| • Fresh Admission (Direct Admission/Direct Science).<br>• Fresh Admission (Availing TOC/Re-admission).<br>• Additional Subject. | Without late fee<br>01-05-2024 TO 31-05-2024 |
| | With late fee of Rs.1000/-<br>01-06-2024 TO 15-06-2024 |
| | With late fee of Rs.2000/-<br>16-06-2024 TO 29-06-2024 |

**Re appear** और **Improvement (within 1 year)** के तहत आवेदन करने हेतु तिथियों का निर्धारण अलग से किया जाएगा जिसकी अधिसूचना बाद में अलग से जारी कर दी जाएगी।

हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के तहत आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षा में आवेदन करने के लिए परीक्षा शुल्क का निर्धारण परीक्षार्थी हित को ध्यान में रखते हुए निम्न अनुसार से किया गया है:-

**"Fee Schedule under the HPSOS" Without late fee**

| Sr. No | Appearing Type's | 8th | 10th | 12th |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Fresh Admission (Direct Admission) | 2000/- | 2500/- | 2400/- |
| 2. | Fresh Admission (Availing TOC) | 2200/- | 2400/- | 2300/- |
| 3. | Re-appear<br>• For one subject or full subjects. | 700/- | 800/- | 700/- |
| 4. | Improvement of Performance (within 1 Year) For One or Full Subjects. | NA | 800/- | 800/- |
| 5. | Additional Subject | NA | 900/- | 900/- |

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अधिसूचित किया जाता है कि हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय के तहत सितम्बर, 2024 से छात्रों के ऑनलाइन आवेदन पत्र सम्बंधित अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से केवल संशोधित नियमों के अंतर्गत उपरोक्त तिथियों अनुसार भरे जाएंगे।

प्रदेश के समस्त अध्ययन केन्द्रों को निर्देश दिए जाते हैं कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के तहत परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता बारे महत्वपूर्ण जानकारियां और संशोधित नियम विवरणिका में दिए गए हैं। परीक्षार्थियों के ऑनलाइन प्रवेश पत्र भरने से पूर्व विवरणिका और दिशानिर्देशों का आवश्यक रूप से अनुसरण करें जोकि अध्ययन केन्द्र के लॉगिन आई० डी० पर अपलोड किया गया है।

डा० (मेज़र) विशाल शर्मा, हि०प्र०से०
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि। दिनांकः 27.04.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:-

1. कनिष्ठ आशुलिपिका, माननीय अध्यक्ष, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
2. आशुटंकक, सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
3. अतिरिक्त सचिव/समस्त उप-सचिव/सहायक सचिव, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
5. हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में तैनात समस्त समन्वयकों को उपरोक्त वर्णित अनुसार आगामी कार्यवाही करने हेतु।
6. अनुभाग अधिकारी आई० टी० सैल को इस आशय के साथ कि उक्त अधिसूचना को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाने के साथ Online Application को उपरोक्त तिथियों अनुसार सक्रिय करवाऐं।
7. समस्त जिला प्रबंधक/प्रभारी पुस्तक वितरण केन्द्र, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
8. लोक सम्पर्क कार्यालय, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।

डा० (मेज़र) विशाल शर्मा, हि०प्र०से०
सचिव

**Himachal Pradesh**
**Board of School Education**
**Dharamshala, Himachal Pradesh**

कमांकः हि0शि0बो0(31)/हि0 प्र0 रा0 मु0 वि0 प्र0 शाखा/सि–2024/15001–302 दिनांकः 27.04.2024

प्रेषकः सचिव,
हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड़, धर्मशाला,
जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

प्रेषितः समस्त समन्वयक,
हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय (अध्ययन केन्द्र)
हिमाचल प्रदेश।

विषयः **हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के अन्तर्गत सितम्बर, 2024 में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा के परीक्षार्थियों की परीक्षा हेतु ऑनलाईन पंजीकरण/प्रवेश से सम्बन्धित आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में समस्त अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों/सहायक समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि सितम्बर, 2024 में आयोजित करवाई जाने वाली हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के अन्तर्गत कक्षा आठवीं, दसवीं व जमा दो के परीक्षार्थियों की परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश पत्र भरने की तिथि 01.05.2024 से आरम्भ की जा रही है। ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक दिशा–निर्देश निम्न अनुसार से हैं : –

1) परीक्षार्थियों के सहायक दस्तावेज़ों की आवश्यक रूप से जांच करने उपरांत उन्हें स्कैन करके ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड़ करें।

2) समस्त अध्ययन केन्द्र परीक्षार्थियों के सहायक दस्तावेज़ों को बोर्ड कार्यालय को प्रेषित नहीं करेंगे परन्तु उन्हें अपने अध्ययन केन्द्र में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेंगे। भविष्य में बोर्ड़ कार्यालय जरूरत के अनुसार सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र से परीक्षार्थियों के सहायक दस्तावेज़ों की मांग कर सकता है। सहायक दस्तावेज़ों को उपलब्ध नहीं करवाने की स्थिति में सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के समन्वयक/सहायक समन्वयक के विरूद्व विभागीय कार्यवाही करने के साथ अध्ययन केन्द्र की मान्यता को रद्द कर दिया जाएगा।

3) सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र को जिन संकायो में हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड़ द्वारा नियमित परीक्षा के लिए मान्यता प्रदान है केवल उन्हीं संकायो में हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा जाए। गलत संकायो में परीक्षार्थियों के आवेदन करने पर सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र की मान्यता को रद्द कर दिया जाएगा।

4) हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के तहत कक्षा आठवीं, दसवीं और जमा दो में टी0 ओ0 सी0 सुविधा केवल हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड़ के पूर्व छात्रों को पिछले पांच वर्षों से प्रदान की जाएगी।

5) अंक सुधार की परीक्षा में आवेदन करने वाले समस्त छात्रों को (Practical Involving Subjects only) लिखित विषय की परीक्षा के साथ प्रायोगिक परीक्षा देना अनिवार्य है।

6) हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के तहत आठवीं कक्षा उत्तीर्ण कर दसवीं कक्षा में व दसवीं कक्षा उतीर्ण कर जमा दो कक्षा मे आवेदन करने हेतु दो वर्ष का अन्तराल होना अनिवार्य है। जिन छात्रों का दो वर्ष का अन्तराल पूर्ण नहीं हुआ है ऐसे छात्र ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

7) हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के तहत जमा दो कक्षा में अतिरिक्त विषय Biology/Maths में आवेदन करने के लिए केवल ऐसे परीक्षार्थी ही पात्र होगें जिन्होंने अपनी जमा दो कक्षा की परीक्षा विज्ञान संकाय सहित उतीर्ण की है और इस परीक्षा में अपनी जमा दो कक्षा पास करने के 1 वर्ष के बाद और 3 वर्ष से पहले ही आवेदन कर सकते हैं।

8) जमा दो कक्षा विज्ञान संकाय में सीधे तौर पर आवेदन करने हेतु परीक्षार्थी को हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड / हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय/किसी अन्य समकक्ष बोर्ड से दसवीं कक्षा में 33 प्रतिशत अंको सहित पास होना अनिवार्य है।

9) ऐसे छात्र जो जमा दो कक्षा विज्ञान संकाय (Non Medical) में सीधे तौर पर आवेदन करना चाहते हैं उन्हें दसवीं कक्षा की परीक्षा में Mathematics Standard विषय में पास होना अनिवार्य होगा।

10) ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी दसवीं कक्षा किसी अन्य समकक्ष बोर्ड से पास की है और HPSOS में जमा दो कक्षा में आवेदन करना चाहते हैं उन्हें English, Hindi and Mathematics (Standard) विषयों में पास होना अनिवार्य है।

11) ऑनलाइन आवेदन करने उपरांत परीक्षार्थियों के विवरण में किसी भी तरह का बदलाव करने के लिए जारी किए गए HPSOS Calendar अनुसार आवेदन करें।

12) सत्र सितम्बर, 2024 में हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षाओं के लिए पी० सी० पी०(PCP) कक्षाओं का आयोजन HPSOS Calendar अनुसार ही किया जाएगा।

13) हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के तहत आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षा में आवेदन करने के लिए परीक्षा शुल्क का निर्धारण परीक्षार्थी हित को ध्यान में रखते हुए निम्न अनुसार से किया गया है:-

**"Fee Schedule under the HPSOS" Without late fee**

| Sr. No | Appearing Type's | 8th | 10th | 12th |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Fresh Admission (Direct Admission)** | 2000/- | 2500/- | 2400/- |
| 2. | **Fresh Admission (Availing TOC)** | 2200/- | 2400/- | 2300/- |
| 3. | **Re-appear**<br>• For one subject or full subjects. | 700/- | 800/- | 700/- |
| 4. | **Improvement of Performance(within 1 Year)** | NA | 800/- | 800/- |
| 5. | **Additional Subject** | NA | 900/- | 900/- |

14) हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय के तहत पंजीकरण हेतु केवल बोर्ड़ कार्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क ही लिया जाए।

15) हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के अध्ययन केन्द्र द्वारा किसी भी परीक्षार्थी की पात्रता की जांच किये बिना गलत पंजीकरण किया जाता है तो उसके लिए पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के समन्वयक का होगा ।

16) परीक्षार्थी जिन्होंने अपनी पिछली कक्षा ऐसे संस्थान/बोर्ड़ से उतीर्ण की है जोकि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से मान्यता (Recognised/Equivalent) प्राप्त नहीं है ऐसे छात्र हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के माध्यम से आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड़ से मान्यता प्राप्त बोर्ड़/संस्थानों (Recognised/Equivalent) की सूची बोर्ड़ की वेबसाईट www.hpbose.org पर उपलब्ध है।

17) Online application में दर्शाये गये सभी कॉलमों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही भरा जाए, कोई भी कॉलम खाली न रखें तथा समस्त परीक्षार्थियों के फोटो/हस्ताक्षर और आवश्यक सहायक दस्तावेज़ों को स्कैन करके ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड़ करना अनिवार्य है। पंजीकरण करते समय परीक्षार्थी का नाम/पिता का नाम/माता का नाम/जन्म तिथि/लिंग/घर का स्थाई पता/आधार कार्ड डिटेल/मोबाइल नम्बर/Transfer Of Credit (TOC)

विषयों/परीक्षार्थी की Appearing type को सही एवम् स्पष्ट रूप से दर्ज़ करना सुनिश्चित करें। किसी भी परीक्षार्थी का गलत विवरण दर्शाए जाने और गलत सहायक दस्तावेज़ अपलोड करने पर परीक्षार्थी के आवेदन पत्र को रद्द कर दिया जाएगा जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के समन्वयक का होगा।

*18)* हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के तहत परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता बारे महत्वपूर्ण जानकारियां और संशोधित नियम विवरणिका में दिए गए हैं। संशोधित विवरणिका बोर्ड की वेबसाईट www.hpbose.org पर उपलब्ध है।

*19)* अध्ययन केन्द्र में हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय से सम्बन्धित कार्य के लिये निम्नलिखित स्टाफ होगा:

I. **समन्वयक (सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के प्रधानाचार्य):-** हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय से सम्बन्धित समस्त कार्य समन्वयक के निरीक्षण में किया जायेगा। परीक्षार्थियों के पंजीकरण एवम् ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र तथा अन्य दस्तावेज समन्वयक द्वारा पूर्ण जांच पड़ताल के पश्चात सत्यापित किए जायें।

II. **सहायक समन्वयक:-** सम्बन्धित समन्वयक एक सहायक समन्वयक की नियुक्ति अपने अधीनस्थ अध्यापक अथवा लिपिकीय स्टाफ में से कर सकते हैं । सहायक समन्वयक को राज्य मुक्त विद्यालय से सम्बन्धित समस्त कार्य में समन्वयक का सहयोग करना होगा साथ ही परीक्षार्थियों के ऑनलाइन प्रवेश पत्र भरना/ पंजीकरण एवम् परीक्षा प्रपत्र, पात्रता सम्बन्धी दस्तावेज तथा शुल्क सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख रखना होगा।

III. **हेल्पर:-** सम्बन्धित समन्वयक उनके अधीनस्थ कर्मचारियों में से केवल एक हेल्पर की नियुक्ति कर सकता है।

अधिक जानकारी के लिये बोर्ड कार्यालय के राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षा शाखा आठवीं व दसवीं कक्षा के लिए दूरभाष न0. 01892–242199 व ईमेल hpbosesososm1.32@gmail.com तथा जमा दो कक्षा की परीक्षा शाखा का दूरभाष न0. 01892–242152 व ईमेल hpbosesososp2.33@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त राज्य मुक्त विद्यालय से सम्बन्धित प्रशासनिक जानकारी के लिए दूरभाष न0 01892–242159 पर, या ईमेल (hpbosesososadmin.31@gmail.com) के माध्यम से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

**डा0 (मेज़र) विशाल शर्मा, हि0 प्र0 से0**
**सचिव**